भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 929
उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

आंध्र प्रदेश में स्थापित प्रधानमंत्री स्कूल ऑफ राइजिंग इंडिया (पीएम श्री-स्कूल)

†929. श्री श्रीभरत मथुकुमिल्लि:
श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और अनंतपुर में स्थापित प्रधानमंत्री स्कूल ऑफ राइजिंग इंडिया (पीएम श्री-स्कूल) स्कूलों का ब्यौरा क्या है, उनकी वर्तमान परिचालन स्थिति और नवीनतम उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार नामांकन के आंकड़े क्या हैं;
(ख) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान विशाखापत्तनम और अनंतपुर में पीएम श्री-स्कूलों के लिए आवंटित और संवितरित और उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है;
(ग) क्या आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और अनंतपुर में पीएम श्री-स्कूलों के क्रियान्वयन में कोई देरी हुई या कोई चुनौतियां आईं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तथा अनंतपुर में पीएम श्री-स्कूलों को स्थापित करने के संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है तथा इनके लंबित रहने के क्या कारण हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयंत चौधरी)

(क) मंत्रिमंडल ने 7 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) नामक एक नई केंद्र प्रायोजित योजना को अनुमोदित किया है। इन स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन का प्रदर्शन करना है और समय के साथ अनुकरणीय स्कूलों के रूप में उभरना है और साथ ही, जो पड़ोस के अन्य स्कूलों को नेतृत्व प्रदान करना हैं। इस योजना के तहत, केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रशासित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को सुदृढ़ बनाकर 14500 से अधिक पीएमश्री स्कूल स्थापित करने का प्रावधान है, जिनमें से केवीएस/एनवीएस सहित 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से कुल 10,858 स्कूलों का चयन किया गया है।

विशाखापत्तनम जिले में 5 पीएम श्री स्कूल और अनंतपुर जिले में 42 पीएम श्री स्कूल का चयन किया गया है। विशाखापत्तनम के 5 पीएम श्री स्कूलों में 3,804 छात्र नामांकित हैं और अनंतपुर जिले के 42 पीएम श्री स्कूलों में 22,049 छात्र नामांकित हैं।

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य में पहले चरण के अंतर्गत चयनित पीएम श्री स्कूलों के लिए, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा 354.85 करोड़ रुपये (212.91 करोड़ केंद्रीय अंश + 141.94 करोड़ राज्य अंश) की राशि स्वीकृत की गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में जारी केंद्रीय अंश 106.45 करोड़ है। तथापि, पीएबी में राज्य को अनुमोदित की जाने वाली धनराशि के कई घटक हैं। कुछ घटक राज्य विशिष्ट हैं और कुछ अन्य घटक जिला विशिष्ट हैं। जिला विशिष्ट घटक हेतु राज्य द्वारा अनुमोदित धनराशि विशाखापत्तनम के लिए 3.44 करोड़ रुपये और अनंतपुर के लिए 17.22 करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 में विशाखापत्तनम और अनंतपुर जिलों द्वारा उपयोग की गई राशि क्रमशः 1.25 करोड़ रुपये और 4.89 करोड़ रुपये थी।

(ग) से (ड़): वित्त मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार केन्द्रीय अंश की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर एसएनए खाते में केन्द्रीय अंश के साथ-साथ राज्य अंश की राशि भी स्थानांतरित करेगी। तथापि, वित्त वर्ष 2023-24 में आंध्र प्रदेश राज्य को पहली किस्त में जारी धनराशि को राज्य के खजाने से पीएम श्री योजना के एसएनए खाते में स्थानांतरित करने में 136 दिनों की देरी हुई। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य को दूसरी किस्त में जारी की गई धनराशि 142 दिनों के बाद भी राज्य के खजाने से पीएम श्री योजना के एसएनए खाते में स्थानांतरित की जानी है। राज्य सरकार की इस देरी से पीएम श्री योजना के कार्यान्वयन पर काफी प्रभाव पड़ा है।

पीएम श्री स्कूलों का चयन पारदर्शी चुनौती पद्धति के माध्यम से किया जाता है। प्रत्येक ब्लॉक/यूएलबी से अधिकतम दो स्कूलों, (एक प्राथमिक और एक माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक) और पूरे भारत से अधिकतम 14,500 कुल स्कूलों का चयन किया जाता है और आंध्र प्रदेश राज्य के लिए पीएम श्री स्कूलों की लक्षित संख्या पहले ही चुनी जा चुकी है।

*****